हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 10 नवंबर 2025

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 22.2 डिग्री

न्यूनतम 12.2 डिग्री

सर्प दंश पर परिजन ने दिखाई तत्परता बच्ची की बची जान

4



## खबर संक्षेप

### स्कूल से लौट रहे छात्र पर जानलेवा हमला, दो गिरफ्तार

**हसौद।** स्कूल से घर लौट रहे नाबालिक छात्र पर गांव के ही दो युवकों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। छात्र के गले और उंगलियों पर गंभीर चोट आई हैं। मामला सक्ती जिला के हसौद का है जहां 8 नवंबर शनिवार की दोपहर लगभग 12 बजे सरस्वती शिशु मंदिर से पढ़ाई कर 12 वर्षीय साहिल साहू घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के गोकुल साहू और बादल सागर ने मिलकर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया उसके गले, दोनों हाथों की उंगलियों पर गंभीर चोट आई। खून से लथपथ साहिल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसौद ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हसौद थाना प्रभारी ने बताया कि परिजन की शिकायत पर आरोपी गोकुल साहू पिता रमेश साहू और बादल सागर पिता प्यारे सागर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(3), 115(2), 118(1) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### नो एंट्री में भारी वाहन प्रवेश करने वाले 8 चालक से वसूला जुर्माना

**जांजगीर-चांपा।** नो एन्ट्री में भारी वाहन प्रवेश करने वाले 15 वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात पुलिस जांजगीर द्वारा कार्रवाई करते साढ़े 37 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया गया है। सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टीगत रखते हुए यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। यातायात पुलिस जांजगीर द्वारा विशेष अभियान चलाकर अलग - अलग जगहों में वाहन चेकिंग किया गया। जिसमें 15 बड़ी गाड़ियों के वाहन चालको के द्वारा नो एन्ट्री जांजगीर शहर में प्रवेश करने पर चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

### महिला से छेड़खानी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** महिला को अकेली पाकर उसके साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से जानकारी मिली कि आरोपी जगन्नथ पाटले उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बम्हनीन थाना अकलतरा द्वारा पीडिता को अकेली पाकर उसे बेइज्जती करने की नियत से छेड़छाड़ करने लगा पीड़िता चिल्लाई तो आरोपी वहां से भाग गया जिसकी सूचना रिपोर्ट पर से थाना अकलतरा में धारा 74, 79 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना अकलतरा पुलिस द्वारा आरोपी जगन्नथ पाटले को पकड़ा, जिसको हिरासत मे लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने एवं अपराध सदर धारा का पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा चुका है।

### रात्रि के समय सुपर बाजार से चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती।** रात्रि के समय अशोक सुपर बाजार में घुसकर चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सक्ती के वार्ड क्रमांक 15 निवासी मनोज कुमार गर्ग ने 7 नवंबर को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अशोक सुपर बाजार का संचालन करता है। इस दौरान 6 नवंबर की रात्रि करीबन 9 बजे अपने दुकान को बंद करके घर आ गया और खाना पीना खाकर सो गया। अगले दिन 7 नवंबर की सुबह सक्ती निवासी अमीन खान को घेराबंदी कर पकड़ा गया।

### श्मशान में तंत्र-मंत्र कर मृतका को जीवित करने का दावा

# टोनही बताकर महिला से मारपीट एएसआई समेत आठ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

गांव में पनपे अंधविश्वास ने एक बार फिर इंसानियत को झकझोर दिया है। दुलदुला थाना क्षेत्र के भिंजपुर गांव में एक महिला को टोनही बताकर भीड़ ने घर में घुसकर मारपीट की। इस शर्मनाक घटना में शामिल आठ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जिनमें रायपुर में पदस्थ एक एएसआई भी शामिल है। मृतका को जीवित करने का दावा करने वाला बैगा और उसके साथी अब भी फरार हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

■ बैगा व उसके साथी फरार, पुलिस की तलाश जारी

पुलिस के अनुसार घटना 8 नवम्बर की सुबह करीब 4 बजे की है। ग्राम भिंजपुर निवासी 53 वर्षीय महिला अपने घर में भोजन बनाने की तैयारी कर रही थीं, तभी अचानक बाहर शोर-गुल की आवाजें सुनाई दीं। बाहर कुछ लोग गालियां दे रहे थे और टोनही को बाहर निकालो चिल्ला रहे थे। महिला ने डर के कारण दरवाजा ⏭ शेष पेज 4 पर



#### रायपुर में पदस्थ एएसआई की पत्नी की मृत्यु से जुड़ा है मामला

पुलिस जांच में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया। मुख्य आरोपी फूलचंद भगत उम्र 55 वर्ष रायपुर में सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ है। उसकी पत्नी सुनीता भगत की मृत्यु 30 अक्टूबर 2025 को रायपुर के एक अस्पताल में उपचार के दौरान हुई थी। सुनीता का अंतिम संस्कार उसके गृहग्राम भिंजपुर में किया गया था। इसी दौरान फूलचंद के कुछ रिश्तेदारों ने उसे बताया कि वे एक बैगा को जानते हैं, जो मृतकों को जीवित करने की शक्ति रखता है। फूलचंद ने बैगा से संपर्क किया, जिसने दावा किया कि सुनीता की मौत गांव की महिला फौसी बाई के जादू-टोने से हुई है।

#### श्मशान में तंत्र-मंत्र कर फैलाया अंधविश्वास

बैगा और उसके साथियों को लेकर फूलचंद भगत अपने रिश्तेदारों के साथ भिंजपुर के श्मशान घाट पहुंचा, जहां मृतका की कब्र के पास तंत्र-मंत्र की क्रिया की गई। उसी समय बैगा ने कहा कि सुनीता की आत्मा को मुक्त करने के लिए टोनही को बुलाना पड़ेगा और इसके लिए पीड़िता को दोषी बताया गया। आरोपियों ने रात भर श्मशान में यह क्रिया की और अगली सुबह उसी प्रभाव में महिला के घर जाकर हमला कर दिया।

#### इनको किया गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों में गायत्री भगत 30 वर्ष, फूलचंद भगत 55 वर्ष, एएसआई रायपुर, विष्णु भगत 45 वर्ष, अनीता भगत 40 वर्ष, रमेश भगत 45 वर्ष, ललिता भगत 40 वर्ष, अंजना मिंज 35 वर्ष, तेलेस्फोर मिंज 50 वर्ष सभी आरोपी ग्राम भिंजपुर, थाना दुलदुला निवासी हैं।

#### मामला पंजीबद्ध, बैगा व साथी की तलाश

मामले में बीएनएस की धारा 296, 351 (2), 115 (2), 333, 190, 191 (2) एवं छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम, 2005 की धारा 4 और 5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। वहीं तंत्र-मंत्र करने वाला बैगा और उसके साथी फरार हैं, जिनकी पुलिस सक्रियता से खोजबीन कर रही है।

#### टोनही कहना अपराधः एसएसपी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने घटना को गंभीर मानते हुए कहा कि जादू-टोना और किसी को टोनही कहना न सिर्फ अंधविश्वास है, बल्कि यह कानून की दृष्टि में भी गंभीर अपराध है। जशपुर पुलिस ने इस मामले में सभी आठों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आमजन से अपील है कि अंधविश्वास से दूर रहें और ऐसी घटनाओं की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# कुनकुरी नगर पंचायत में पीआईसी सदस्यता को लेकर बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कुनकुरी नगर पंचायत में अध्यक्ष द्वारा पीआईसी (पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर कमेटी) की सदस्यता में किए गए फेरबदल का मामला अब राजनीतिक और सामुदायिक दोनों स्तर पर तूल पकड़ चुका है।

जानकारी के मुताबिक, नगर पंचायत अध्यक्ष विनयशील पर आरोप है कि उन्होंने वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद रुखसाना बानो को पीआईसी सदस्यता से हटाकर वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद अजीत केरकेट्टा को नया सदस्य बना दिया। इस निर्णय से कांग्रेस के ही कई पार्षद नाराज़ हो गए हैं। यहां तक कि नगर पंचायत उपाध्यक्ष एवं पीआईसी मेंबर इमरान ने अध्यक्ष के फैसले का विरोध करते हुए इस्तीफा देने की पेशकश कर दी और कांग्रेस के आला नेताओं को शिकायत पत्र भेज दिया है। इसी विवाद के बीच सोशल मीडिया पर एक कथित शिकायत पत्र वायरल हुआ, जिसमें अंजुमन इस्लामिया कमेटी के नाम से पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को संबोधित करते हुए लिखा गया था, कि मुस्लिम पार्षद को पीआईसी से हटाना मुस्लिम समाज का अपमान है।" साथ ही पत्र में लिखा था कि अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की गई थी। उसमें पुराने लेटरपैड का इस्तेमाल, नायब सदर सेक्रेटरी का पुराना मोबाइल नंबर, और दूसरे जमात के पदाधिकारी के हस्ताक्षर पाए गए। वायरल पत्र को लेकर अंजुमन इस्लामिया कमेटी के नवनियुक्त सदर हाजी आशिक अस्दकी, सेक्रेट्री सज्जाद खलीफा, और खजांची रकीब खान ने मीडिया के सामने आकर सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा नायब सदर सेकेट्री के हस्ताक्षर की बात करें तो वह उन्हें अपनी ओर समाज को बकायदा सिल साइन कर पूरी तरह से समर्थन दिया है। समाज किसी भी परिस्थित में अलग नहीं है।

■ पार्षद को हटाए जाने पर मचा विवाद, फर्जी लेटर ने बढ़ाया बखेड़ा

# प्रयास आवासीय विद्यालय में व्यक्तित्व निर्माण एवं नशा मुक्ति अभियान पर कार्यशाला

**जशपुरनगर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार जशपुर के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रयास आवासीय विद्यालय जशपुर में व्यक्तित्व निर्माण एवं नशा मुक्ति अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताया गया साथ में सोशल मीडिया, साइबर क्राइम, इंटरनेट के उपयोग के बारे में एवं उसके दुष्प्रभाव भी बताया गया।



गायत्री परिवार के रवि गुप्ता ने गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, शराब तंबाकू आदि दुर्व्यसनों के बारे में बताया गया और उनसे होने वाले बीमारियों के संबंध में एवं पूरी जानकारी दी गई। उन्होंने नशे से होने वाले दुष्प्रभाव को बैनर पोस्टर सिखाया एवं सभी को नशा मुक्ति हेतु संकल्प दिलाया एवं बच्चों ने नशामुक्ति हेतु हस्ताक्षर कर संकल्प लिया। गायत्री परिवार से तूलिका पाठक ने मानव जीवन की गौरव गरिमा का बखान करते हुए कहा कि 84 लाख योनियों के बाद बड़े भाग्य से यह हम हमारा सुंदर शरीर हमें ईश्वर द्वारा मिलता है परंतु हम इस मंदिर जैसे शरीर में नशा पान करके इसे बर्बाद करने में लगे हुए हैं 1 उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बिजली का तार लगने से हमारे शरीर को खत्म कर देता है नशा भी उसी प्रकार हमारे शरीर को बर्बाद कर देता है। इस दौरान निद्रावती चौहान ने कहा कि नियमित रूप से योग एवं प्राणायाम कर हम अपने बुद्धि को बहुत बढ़ा सकते हैं। उन्होंने बच्चों को अपने व्यक्तित्व के विकास हेतु अपने स्वास्थ्य को अच्छा रखने, शालीनता अपनाने, स्वावलंबी बनने एवं सेवाभावी बनने हेतु आवाहन किया। इसके पश्चात किरण सिंह ने सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव के बारे में बताया एवं उन्होंने कहा कि मोबाइल का सही अर्थों में अध्ययन सामग्री के लिए हम प्रयोग करें तो इस ज्ञान के सागर से हम बहुत कुछ सिख सकते है। उन्होंने कहा कि आज मोबाइल के दुरूपयोग से समय की बर्बादी हो रही है, एआई के जमाने में सोशल मीडिया में फोटो से कई प्रकार से साइबर क्राइम हे। लोगों को रील स्क्रॉल करने का भी नशा हो गया है एवं लोग मोबाइल की एक अलग ही दुनिया में सिमटते चले जा रहे है जो हमारे सामाजिक जीवन के लिए बहुत ही घातक है।

# 73 मरीजों को मिर्गी रोग की दवा का वितरण

**जशपुरनगर।** अघोर पीठ वामदेव नगर गम्हरिया में 9 नवम्बर को बाबा भगवान राम ट्रस्ट द्वारा आयोजित निःशुल्क मिर्गी चिकित्सा शिविर में कुल 73 मरीजों को संस्था द्वारा निर्मित मिर्गी रोग की फकीरी एवं आयुर्वेदिक दवा का वितरण किया गया। इन मरीजों में 6 बच्चे भी थे।

शिविर का शुभारम्भ प्रातः 5 बजे अघोरेश्वर भगवान राम एवं गुरुपद संभव राम के चित्र पर विधिवत पूजन-आरती उपरान्त प्रारम्भ किया गया। चूंकि मिर्गी की यह फकीरी दवा पान के पते पर सूर्योदय के पूर्व ही देने का विधान है इसलिये अधिकांश मरीजों को उनके सहयोगियों के साथ एक दिन पूर्व ही आश्रम में बुला लिया गया था। प्रातः पूजन उपरान्त उन्हें फकीरी दवा दी गयी और साथ में मिर्गी की आयुर्वेदिक दवा भी वितरित की गयी। दवा वितरित करने हेतु विशेष रुप से वैद्य रंजीत सिंह जी एवं उनके सहयोगी धर्मेन्द्र सिंह जी को आमंत्रित किया गया था। शिविर में रांची, गुमला, सिमडेगा ,चतरा, देवघर ,टाटा, डाल्टनगंज, लातेहार (झारखण्ड) रायपुर, दुर्ग लैंलूँगा, कुसमी बेमेतरा, सरगुजा रायगढ़, कोरबा, चिरमिरी, जांजगीर-चांपा ,बलरामपुर पत्थलगांव, कांसाबेल, मनोरा जशपुर (छत्तीसगढ़), सीधी ,सिहोर (मध्यप्रदेश) वीरमित्रपुर, राजगंगपुर ओडिशा आदि क्षेत्रों से मरीज उपस्थित थे। दवा वितरण पश्चात वैद्य रंजीत सिंह जी द्वारा औषधि सेवनकाल में किये जाने वाले परहेज एवं सावधानियों को विस्तार से बताया गया। अगला शिविर तीन माह के बाद 8 फरवरी 2026 को इसी अघोर पीठ, वामदेव नगर, गम्हरिया आश्रम में आयोजित किया जायेगा। साथ ही मरीजो को यह भी निर्देशित भी किया गया कि अगले शिविर में दवा लेने हेतु 7 फ़रवरी 2026 को ही सायकाल में आश्रम परिसर में उपस्थित हो जाये। शिविर को सफल बनाने में पीके वास्तव, संतोष मिश्र, प्रशांत सिंह,सत्येन्द्र सिंह (मामा), अखिलेश यादव, वेद तिवारी, शिवम अक्षय सिंह का विशेष योगदान रहा।




## विशेष शिविर के तृतीय दिवस में रंगारंग कार्यक्रम

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला के स्वयंसेवक द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद रईसुल हसन खान एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी ममता टोप्पो तथा रेशमा minj के मार्गदर्शन में अत्यंत उत्साह के साथ सभी गतिविधियों को अंजाम दिया गया 1 संगीत के माध्यम से की गई प्रातः कालीन पी.टी. अत्यंत आकर्षक रही। बौद्धिक चर्चा कार्यक्रम में शामिल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर के वरिष्ठ व्याख्याता हाजी मोहम्मद इकबाल अहमद खान ने कहा कि एनएसएस जहां एक और प्रतिभा को जगाने का मंच है समाज सेवा की भावना जागृत करता है वही जीवन को बेहतर बनाने के लिए अनुशासन सिखाता है1 रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ प्राथमिक शाला हस्तिनापुर के शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गौरन राम चौहान, कालीचरण राम, राकेश कुशवाहा तथा विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।




# पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

**जशपुरनगर।** कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष (शहर) सहस्त्रांशु पाठक ने शनिवार को सिटी कोतवाली थाना प्रभारी को एक आवेदन सौंपते हुए पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह पर एफ.आई.आर. दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने अपने आवेदन में उल्लेख किया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ में जिलाध्यक्ष चयन के लिए संगठन सृजन कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसकी जिम्मेदारी एआईसीसी के कई वरिष्ठ नेताओं को सौंपी गई है। इस कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस की सह प्रभारी जुरीता लैतफ्लांग पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कर रही हैं। पाठक ने बताया कि पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह द्वारा जिलाध्यक्ष चयन प्रक्रिया में पैसे के लेनदेन को लेकर प्रभारी जरीता लैतफ्लांग पर गंभीर आरोप लगाया गया है, जो असत्य, निराधार और पार्टी की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि ऐसे बयानों से संगठन की साख पर प्रश्नचिन्ह लगता है, इसलिए मामले की निष्पक्ष जांच कर पूर्व विधायक के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने के लिए अनोज गुप्ता, आशिफ खान, हीरु राम निकुंज, मनमोहन भगत, चांद खान, अमित महतो, रमीज राजा, सहस्त्रांशु पाठक सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गजरथ यात्रा पहुंची कांसाबेल

**जशपुरनगर।** विगत कई वर्षों से जशपुर जिला हाथी विचरण क्षेत्र रहा है एवं हाथियों की उपस्थिति निरंतर बनी हुई है। यहां की भौगोलिक संरचना तथा घने वनक्षेत्र एवं अन्तर्राज्य सीमा से लगे होने के कारण कई स्थलों से हाथियों का प्रवेश जशपुर जिले में होता है। जिससे हाथी मानव द्वंद की घटनायें होने की संभावनाएं बनी रहती है। जशपुर वनमण्डल द्वारा हाथी मानव द्वंद को न्यूनतम करने उद्देश्य से 21 जून 2025 को गजरथ यात्रा 2025 का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया गया है। गजरथ यात्रा हाथी प्रभावित अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में निरंतर दौरा कर हाथी के व्यवहार एवं गतिविधियां के संबंध में विशेष रूप से हाथी प्रभावित क्षेत्रों के स्कूलों में कक्षा 06 वीं से 12वीं के छात्र व छात्राओं को जानकारी देकर जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही गांव के चौपालों में चलचित्र के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों में जागरूकता लाने का कार्य करेगी। गजरथ यात्रा फरसाबहार, कुनकुरी बगीचा एवं पत्थलगांव विकासखण्ड अन्तर्गत आने वाले 92 स्कूलों में हाथी के व्यवहार एवं गतिविधियां की जानकारी लगभग 9800 छात्र व छात्राओं देकर गजरथ यात्रा कांसाबेल विकासखण्ड में पहुंचकर अब तक 04 स्कूलों के 903 छात्र व छात्राओं को हाथी के व्यवहार एवं गतिविधि की जानकारी दिया गया।



### जशपुर जम्बुरी छू रहा सफलता की उंचाई

# पर्यटकों ने चार दिनों तक प्रकृति की गोद में एडवेंचर का भरपूर आनंद लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

तीसरे दिन की शुरुआत हुई देश देखा से, जहां प्रतिभागियों ने स्वादिष्ट स्थानीय नाश्ता किया और हल्की-फुल्की गतिविधियों के साथ दिन की शुरुआत की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जशपुर जम्बुरी का आयोजन किया जा रहा है।

■ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पर्यटन को दे रहे बढ़ावा

कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार दिशा निर्देश में 6 से 9 नवम्बर तक सफलता पूर्वक जशपुर जम्बुरी कार्यक्रम का संचालन किया गया। वन मंडला अधिकारी शशि कुमार,डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा और रोजगार अधिकारी सु दुर्गेशवरी सिंह सक्रिय रूप से शामिल रहे, जिन्होंने सभी गतिविधियों के सुचारू संचालन और व्यवस्थाओं में योगदान दिया। हमारे सहयोगियों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाईरू ट्रिप्पी हिल्स ने ऑन-ग्राउंड संचालन, लॉजिस्टिक्स और प्रचार-प्रसार में व्यापक योगदान दिया, जिससे हर गतिविधि व्यवस्थित और यादगार बनी। वहीं, होमस्टेज़ ऑफ़ इंडिया ने प्रचार, ब्रांडिंग और आउटरीच में सहयोग किया इसके साथ ही स्थानीय मीडिया ने भी जम्बुरी के प्रचार प्रसार में विशेष सहयोग दिया है। जशपुर जम्बुरी को सफल बनाने में जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों का विशेष योगदान दिया है। जिसके कारण जशपुर जम्बुरी सफलता की ऊंचाई छू रहा है।



नाश्ते के बाद प्रतिभागियों ने रोमांचक रॉक क्लाइम्बिंग, जुमारिंग, रैपलिंग, ज़िपलाइनिंग और बोल्डरिंग जैसी गतिविधियों में भाग लिया, जिससे देश देखा जीवंत और उत्साहपूर्ण हो उठा। सुबह के रोमांच के बाद प्रतिभागियों को दो समूहों में बाँटा गया। पहला समूह रवाना हुआ मयाली की ओर, जहाँ उन्होंने कयाकिंग, एक्वा साइक्लिंग, एटीवी राइड्स, पेंटबॉल, पैरामोटरिंग और हॉट एयर बलूनिंग का आनंद लिया। मयाली डैम के किनारे परोसे गए स्वादिष्ट स्थानीय भोजन के बाद यह समूह शाम तक वापस देश देखा लौट आया। दूसरा समूह देश देखा से सारूडीह, रानीदाह और जशपुर संग्रहालय गया, जहाँ प्रतिभागियों ने जशपुर की सांस्कृतिक विरासत, कला और प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव किया।

## मुख्यमंत्री के संभावित आगमन की तैयारी कलेक्टर ने किया गोकुल धाम का निरीक्षण



**जशपुरनगर।** यज्ञ नगर गोकुल धाम कण्डोरा में 12 नवंबर को आयोजित गोकुला अष्टमी पूजा महोत्सव 2025 में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संभावित दौरे को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर रोहित व्यास ने आज आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, एसडीएम नन्द जी पांडेय सहित महाकुल यादव समाज के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थल व्यवस्था, साफ-सफाई, सुरक्षा, पार्किंग, यातायात और आमजन की सुविधा से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**खबर संक्षेप**



## अभा विद्यार्थी परिषद के विस्तार अभियान के तहत विद्यालयों में नई समिति का गठन

**बिश्रामपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा चलाए जा रहे रीच टू अनरीच अभियान के अंतर्गत स्थानीय विद्यालयों में छात्र समितियों का गठन किया गया,संगठन विस्तार के इस अभियान में विद्यार्थियों को सामाजिक उत्तरदायित्व,राष्ट्रभाव और छात्रहितों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। इस अभियान में छात्र संगठन के नगर मंत्री ऋतेश यादव,बिट्टू भारती, प्रतीक त्रिपाठी मुख्य रूप से उपस्थित रहे,साथ ही अमन कुमार दाश एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यालयों में हुए संवाद कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को परिषद की विचारधारा, ज्ञान,शील और एकता से परिचित कराया गया तथा उन्हें संगठनात्मक रूप से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया,अभियान के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी दी और आने वाले कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से जुड़ने की रुचि दिखाई। संगठन विस्तार अभियान 6 से 8 नवंबर तक निरंतर चलाया गया है,जिसके माध्यम से जिले के विभिन्न हायर सेकेंडरी संस्थानों में भी छात्र संगठन का विस्तार किया गया।

## श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति में नए पदाधिकारियों का मनोनयन



**बिश्रामपुर।** नगर के 1बी -1सी कॉलोनी रोड स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति में गत दिवस समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में नए पदाधिकारियों का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया है,उक्त बदलाव पुरानी समिति के 3 वर्षों का कार्यकाल पूरा होने के बाद किया गया है, कोयलांचल की सक्रिय संस्था उत्कल समाज श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति गत 9 वर्षों से लगातार सूरजपुर जिले का एकमात्र रथ यात्रा आयोजन करते आ रही है,जहां तीन साल पर नई समिति के गठन सर्व समिति से किए जाने की परंपरा चलती आ रही है,इसी प्रक्रिया के तहत नई समिति का गठन किया गया है,गठित नवीन समिति में समाज के गुरुद्वारा गली निवासी सेनापति प्रधान को अध्यक्ष,प्रदीप त्रिपाठी को कोषाध्यक्ष एवं सूरज सेठी को सचिव का दायित्व सर्वसम्मति से सौंपा गया है,साथ ही अशोक स्वाई,गोविंद स्वाई एवं शीतिकांत स्वाई को संरक्षक का दायित्व सौंपा गया है। समिति में अन्य विभिन्न पदों पर संजय पंडा, ऋनाथ देहुरी, विद्याधर साहू, अलंकर नायक, लक्ष्मी त्रिपाठी, संतोष सेठी, प्रफुल्ल नायक, प्रमोद कहर, राजेंद्र प्रधान को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## तिब्बती परिवार ने स्कूलों में किया स्वेटर वितरण



**मैनपाट।** तिब्बती समुदाय के सर्वोच्च धर्मगुरु एवं नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित दलाई लामा के 90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तिब्बती समाज द्वारा वर्ष 2025 को सद्भावना वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में कैंप क्रमांक 6 के लोबसंग (84 वर्ष) एवं उनकी धर्मपत्नी तेनजिन (82 वर्ष) द्वारा संकुल केंद्र सरभंजा अंतर्गत संचालित विद्यालयों के बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। परिवार के द्वारा प्राथमिक शाला सरभंजा के 80, प्राथमिक शाला ललेया के 39, प्राथमिक शाला सराईकिरचा के 12 बच्चों समेत कुल 131 बच्चों को स्वेटर प्रदान किया गया। तिब्बती समाज ने इस वर्ष को स्नेह, मानवता, परोपकार और सांझा सद्भाव के कार्यों को समर्पित करने का संकल्प लिया है। संकुल समन्वयक केके घोष ने तिब्बती समाज के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और इसे मानवीय संवेदनशीलता एवं सामाजिक एकता का उत्कृष्ट स्वरूप बताया।

### वैकल्पिक भवनों में हो रहा कॉलेजों का संचालन

# तीन साल का समय गुजरने के बावजूद आधा दर्जन कॉलेजों को नहीं मिल सकी भूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासन द्वारा दूरस्थ क्षेत्र के युवाओं को अपने गांव के निकट उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जगह-जगह कॉलेजों की सौगात दी गई है। स्थापना के बाद से ही कॉलेजों का संचालन वैकल्पिक भवनों में किया जा रहा है। स्थापना के तीन वर्ष लम्बा समय गुजरने के बावजूद प्रशासन द्वारा कई कॉलेजों को भवन निर्माण के लिए भूमि का आवंटन नहीं किया जा सका है।

**खास बातें**

- पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण पढ़ाई प्रभावित
- सुविधाओं की कमी बनी बड़ी समस्या

दूरस्थ क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने शासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शासन की इस पहल से कॉलेजों में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या में वृद्धि हो रही है। घर के निकट कॉलेज की स्थापना होने से युवाओं को काफी लाभ मिल रहा है तथा बड़ी संख्या में युवा उच्च शिक्षा लेकर अपना भविष्य संवारने की कोशिशे कर रहे हैं। दूरस्थ क्षेत्रों में कॉलेजों की स्थापना होने के पूर्व कम आयवर्ग के युवा 12वीं बोर्ड उत्तीर्ण करने के बाद आगे की पढ़ाई बंद कर देते थे। ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश युवा खेती-गृहस्थी का काम संभालने के साथ ही पढ़ाई करते हैं। ऐसे युवा कॉलेज की पढ़ाई के लिए शहरी क्षेत्र में रहने के लिए संसाधन नहीं जुटा पाते थे तथा 12वीं की पढ़ाई कर खेती के काम में लग जाते थे। तीन वर्ष पूर्व शासन ने सरगुजा संभाग के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों में 14 शासकीय नवीन महाविद्यालयों की सौगात दी थी। शासन की स्वीकृति मिलते ही सभी कॉलेजों को वैकल्पिक भवनों में तत्काल प्रारंभ कर दिया गया। स्थापना के बाद से ही कॉलेजों की कक्षाएं नियमित संचालित हो रही हैं तथा हर साल छात्र-छात्राओं की संख्या में वृद्धि हो रही है। शासन द्वारा इन कॉलेजों के भवन निर्माण की भी पहल प्रारंभ कर दी गई है तथा अधिकांश कॉलेजों के भवन निर्माण के लिए 4.65 करोड़ की राशि भी जारी कर दी गई है। प्रशासन द्वारा जिन कॉलेजों के भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटित कर दी गई है लोनिवि द्वारा उनके भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ भी कर दी गई है लेकिन अभी भी सरगुजा संभाग के ऐसे आधा दर्जन से अधिक कॉलेज हैं जिनके भवन निर्माण के लिए अभी भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण इन कॉलेजों का भवन बनने में लम्बा समय लगने की संभावना है।




हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन में संचालित कॉलेज।

**नहीं है मूलभूत सुविधाएं**

वर्तमान में सभी शासकीय नवीन महाविद्यालयों का संचालन वैकल्पिक भवनों में हो रहा है। अधिकांश महाविद्यालय हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन में हो रहा है जबकि कई कॉलेजों का संचालन अस्पताल, आईटीआई सहित अन्य भवनों में हो रहा है। प्रशासन द्वारा कुछ कॉलेजों को संस्था का पूरा भवन उपलब्ध कराया गया है जबकि कुछ कॉलेजों का संचालन दूसरी संस्थाओं के साथ किया जा रहा है जिससे दोनों ही संस्थाओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। भवन के अभाव में शासकीय नवीन महाविद्यालय रहन रनहत एवं हाई व हायर सेकेण्डरी की कक्षाएं दो सत्रों में संचालित की जा रही हैं। सुबह 11 बजे तक भवन में कॉलेज की कक्षाएं संचालित होती हैं जबकि 11 बजे से शाम 4 बजे तक हाई एवं हायर सेकेण्डरी की कक्षाएं चलती है। भवन में शौचालय एवं वाशरूम की व्यवस्था नहीं होने से छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश कॉलेजों में लैब की सुविधा भी नहीं है। शासन द्वारा नवीन महाविद्यालयों के भवन निर्माण के लिए लोनिवि को 4.65 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिन कॉलेजों के भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई वहां भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है जबकि कई कॉलेजों के लिए अभी भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है वहीं कई के लिए अभी भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया चल रही है। शासकीय नवीन महाविद्यालय रनहत के लिए भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है लेकिन आवंटन नहीं हो सका है। इसी तरह नवीन कन्या महाविद्यालय सूरजपुर, नवीन महाविद्यालय रघुनाथनगर सहित कई अन्य कॉलेजों की भूमि की आवंटन प्रक्रिया लंबित पड़ी है। संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर में स्वीकृत नवीन संगीत महाविद्यालय के लिए अभी तक भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया भी प्रारंभ नहीं हो सकी है। संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर में संचालित नवीन संगीत महाविद्यालय के लिए अभी तक भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया तक शुरू नहीं हो सकी है।

**चल रही है प्रक्रिया**

संबंधित कॉलेजों के प्राचार्य स्थानीय प्रशासन से समन्वय स्थापित कर भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी करा रहे हैं। शासन द्वारा भवन निर्माण के लिए राशि जारी कर दी गई है तथा कई जगह भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

-डॉ.रिजवान उल्ला
अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा

# बस ने युवक को कुचला, घंटों लगा रहा सड़क पर जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

जिले के थाना चरचा क्षेत्र अंतर्गत बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार रात एक सड़क दुर्घटना में नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 6 अंबेडकर नगर निवासी एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

जानकारी के अनुसार राजेश्वर कुमार उम्र 29 वर्ष रात लगभग 10 बजे रेलवे स्टेशन के पास किसी कार्य से गए थे। वे सड़क किनारे पैदल मोबाइल पर बात कर रहा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार प्राइवेट कंपनी की बस क्रमांक सीजी 16 सीक्यू 7933 जो कर्मचारियों को लेकर आ रही थी,उसी दौरान राजेश्वर को जोरदार टक्कर मारते हुए फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी भयानक थी कि बस चालक ने नियंत्रण खो दिया और युवक को टक्कर मारने के बाद करीब 100-200 मीटर तक घसीटते हुए रौंद दिया। हादसे के बाद चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। जब तक आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे, तब तक राजेश्वर की घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी थी। राजेश्वर कुमार चरचा के एक यामाहा शो-रूम में कार्यरत थे और अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले एकमात्र सदस्य थे। उनकी पत्नी और दो नन्ही बेटियां एक मात्र दो वर्ष की और दूसरी चार माह की अब असहाय स्थिति में हैं।

पड़ोसियों और सहकर्मियों के अनुसार राजेश्वर मिलनसार और जिम्मेदार युवक थे। उनकी असमय मृत्यु से अंबेडकर नगर सहित पूरे चरचा क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। थाना प्रभारी चरचा प्रमोद पाण्डेय ने बताया कि हादसे में शामिल एसईसीएल की बस को जब्त कर लिया गया है। चालक की तलाश की जा रही है और मामले की विस्तृत जांच चल रही है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था, तथा रिपोर्ट आने के बाद शासन की ओर से 25 हजार रूपए की तात्कालिक सहायता राशि परिजन को दी जाएगी। इसी के साथ कंपनी के अधिकारियों ने भी मृतक के परिजन को तत्काल 25 हजार रूपए देने की बात कही। स्थानीय सामाजिक संगठनों ने भी इस घटना की निंदा करते हुए पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और स्थायी रोजगार देने की मांग की है। नगरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषी चालक और संबंधित कंपनी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

**परिजन का फूटा आक्रोश किया सड़क जाम**

दुर्घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। सुबह होते ही आक्रोशित परिजन और स्थानीय नागरिकों ने चरचा मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। उनका कहना था कि घटना के कई घंटे बाद तक न तो कोई अधिकारी मौके पर आए और न ही बस चालक की तत्काल गिरफ्तारी हुई। मृतक के पिता ने बताया कि हमारा बेटा चला गया, परिवार तबाह हो गया, पर न कोई एसईसीएल अधिकारी संवेदना जताने आया, न पुलिस प्रशासन ने समय पर कार्रवाई की, अब हमें केवल न्याय चाहिए। समाचार लिखे जाने तक जाम के चलते सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। परिजन ने मुआवजा, दोषी चालक की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता देने की मांग कर रहे हैं।

**तेज रफ्तार पर लगे लगाम**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर में बसें अक्सर तेज गति से रिहायशी इलाकों में चलती हैं। जिससे कभी भी बड़े हादसे की संभावना बनी रहती है। निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे, स्पीड ब्रेकर और सुरक्षा निगरानी प्रणाली लगाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की त्रासदी दोबारा न हो।

# मंडल स्तरीय एसआईआर कार्यशाला में शामिल हुए मंत्री राजवाड़े

**भैयाथान।** मंडल स्तरीय एसआईआर कार्यशाला का आयोजन मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य व मंडल प्रभारी संत सिंह की मौजूदगी में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता विशेष गहन पुनः निरीक्षण का कार्य नौवीं बार हो रहा है जिसमें प्रत्येक बूथ पर बूथ के साथ 5 से 6 पदाधिकारी नाम जोड़ने हटाने हेतु जानकारी एकत्रित करेंगे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री शांतनु गोयल ने किया व आभार व्यक्त मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने किया। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह, शीतल गुप्ता, मार्तंड साहू, रामू गोस्वामी, राम कुमार गुप्ता, राम केवल पैकरा, सीताराम कुशवाहा, सुरेंद्र गुप्ता सहित मंडल मोर्चा के पदाधिकारी व सभी बूथों के अध्यक्ष,बीएलए 2 सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यशाला के दौरान दरीपारा निवासी धनी राम देवांगन को ट्राई साइकिल का वितरण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किया जिससे दिव्यांग को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।



# डीएवी राष्ट्रीय जोनल स्तरीय खेलकूद में बिश्रामपुर के प्रतिभागियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बिश्रामपुर।** डीएवी छत्तीसगढ़ जोन के क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कुमार के मार्गदर्शन में डीएवी पब्लिक स्कूल हुडको भिलाई, डीएवी नंदिनी माइंस,डीएवी जामुल,डीएवी बसंत विहार बिलासपुर व डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल नकटीसेमरा जगदलपुर में विविध आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता जोनल स्तरीय आयोजित की गई।

- अलग अलग खेलों में 37 गोल्ड, 25 सिल्वर मेडल व 4 ब्रॉन्ज मेडल किया हासिल, डीएवी बिश्रामपुर के 68 प्रतिभागी छात्र छात्रायें 22 नवंबर से दिल्ली एनसीआर में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा

जिसमें क्रीड़ा शिक्षक पीके वैद्य,खेल शिक्षिका श्रीमती चित्रावती मिश्रा,अनीता वर्मा,श्रीमती नमिता गार्गी, रामजी सिन्हा,नासिर खान,अमूल्य भोई एवं ओंकार साहू के नेतृत्व में डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के 99 छात्र और 45 छात्राओं ने फुटबॉल, बैडमिंटन, जूडो, ताईक्वांडो, एथलेटिक्स, स्केटिंग एवं क्रिकेट की स्पर्धाओं में अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है,डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के छात्र-छात्राओं ने 37 गोल्ड मेडल, 25 सिल्वर मेडल और 4 ब्रॉन्ज मेडल अर्जित कर अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया है,ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ के 97 डीएवी पब्लिक स्कूलों एवं डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों को पांच कलस्टर में विभाजित किया गया है जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर को क्लस्टर-श्री में रखा गया है।ज्ञात हो कि डीएवी पब्लिक स्कूल हुडको भिलाई,डीएवी नंदिनी माइंस,डीएवी जामुल में 1 और 2 नवंबर को 14 वर्ष आयु,छात्र छात्राओं के लिए आयोजित जोनल स्तरीय खेलकूद स्पर्धा में जूडो में आयुष, विजय,प्रांजल, शिवांगी व आराध्या ने गोल्ड मेडल, आयुषी ने सिल्वर मेडल एवं रोमा ने ब्रॉन्ज मेडल अर्जित किया है,ताईक्वांडो में प्रखर सरकार व रुद्र मिश्रा ने गोल्ड मेडल तथा उत्तम व ऐश्वर्या ने सिल्वर मेडल,स्केटिंग में भूमिका जैन ने एक गोल्ड मेडल व एक सिल्वर मेडल, आर्यन,तृशा व अंकिता ने सिल्वर मेडल, एथलेटिक्स ट्रिपल जम्प में श्रद्धा उपाध्याय गोल्ड मेडल,तवा फेंक में श्रेया सिंह ने सिल्वर मेडल,400 मीटर रिले में छात्र वर्ग में अयान, कार्तिक, आदित्य व मनीष यासब ने गोल्ड मेडल, 400 मीटर रिले छात्रा वर्ग में श्रद्धा, वर्तिका, सानिया एवं सजिया ने सिल्वर मेडल, बैडमिंटन में डीएवी बिश्रामपुर ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया।14 वर्ष आयु अंतर्गत स्वास्तिक केसरी एवं अथर्व मिश्रा का डीएवी राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ।डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल नकटीसेमरा जगदलपुर में 10 से 12 अक्टूबर को 17 वर्ष आयु छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जूडो में कैफ हसन, लक्ष्य थापा, नैतिक कुमार, आयुष कुमार, अभ्युदय सिंह, विश्वजीत, श्रद्धा लकरा, अन्नपूर्णा, श्रेया मिश्रा, सोनम कुजूर ने गोल्ड मेडल,दीप्ति दुबे ने सिल्वर मेडल एवं प्राची साहू ने ब्रॉन्ज मेडल अर्जित किया। ताईक्वांडो में नितिन कोराम, अरुण नायक, शौर्य प्रताप सिंह, अदिति खाखा, पुष्पांजलि, न्यासा जायसवाल, अदिति नायक व विजयलक्ष्मी ने गोल्ड मेडल तथा पीयूष राजवाड़े, यश चौधरी, सौम्या शर्मा व अक्षिता सिंह ने सिल्वर मेडल, स्केटिंग में हार्दिक जायसवाल व कृतिका यादव ने सिल्वर मेडल, तवा फेंक में रूद्र प्रताप सिंह ने गोल्ड मेडल, 400 मीटर रेस में आर्य केसरवानी, जसमीत सिंह, पवन कुमार एवं सक्षम सिंह ने गोल्ड मेडल, 200 मीटर रेस में सक्षम सिंह ने सिल्वर मेडल तथा ट्रिपल जम्प में मान्या राजवाड़े ने सिल्वर मेडल अर्जित किया।डीएवी पब्लिक स्कूल बसंत विहार बिलासपुर में 16 और 17 अक्टूबर को 19 वर्ष आयु छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के जूडो में जसराज सिंह मान व अनुराग यादव ने गोल्ड मेडल एवं सानिया ने सिल्वर मेडल, ताईक्वांडो में यश कुमार साहू व रौनक केसी ने गोल्ड मेडल, स्केटिंग में एमडी अयान ने सिल्वर मेडल, गोला फेंक में निश्चय कुमार सागर ने गोल्ड मेडल और तवा फेंक में सिल्वर मेडल तथा फुटबॉल में विद्यालय की फुटबॉल टीम ने सिल्वर मेडल हासिल किया,ज्ञात हो कि जोनल स्तर पर विजित प्रथम और द्वितीय स्थान अर्जित करने वाले डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के 46 प्रतिभागी छात्र एवं 22 प्रतिभागी छात्राएं अगले चरण में दिल्ली एनसीआर में 22 से 24 नवंबर तक आयोजित होने वाली तीन दिवसीय डीएवी राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे।



# मोटर पंप चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**राजपुर।** मोटर पंप चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरियों चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बघिमा निवासी 45 वर्षीय देवनारायण सांडिल्य के खेत में लगे सिंचाई मोटर पंप को अज्ञात चोरों ने 6 नवम्बर की रात चोरी कर लिया था। ग्रामीण ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में जांच उपरान्त बघिमा निवासी 28 वर्षीय सहरु सांडिल्य उर्फ बरी आ. तेजन राम व भैयाथान के चंद्रमेढ़ा निवासी 25 वर्षीय रमेश यादव आ. राम केवल यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने दो अलग अलग स्थानों से दो नग मोटर पंप चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों को बीएनएस की धारा 303(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### दीपावली पर्व पर ठेका श्रमिकों को बोनस राशि भुगतान न करने पर जताई नाराजगी

# एटक श्रमिक संघ ने ठेका श्रमिकों के साथ महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर


कोयला उत्पादन में 75 प्रतिशत की अहम हिस्सेदारी रखने वाले ठेका श्रमिकों को दीपावली पर्व का बोनस न मिलने से एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में बड़ा आंदोलन शुरू हो गया है,संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक के नेतृत्व में आक्रोशित ठेका मजदूरों ने शनिवार को क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर प्रबंधन पर जानबूझकर बोनस लंबित करने का गंभीर आरोप लगाया है, आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि कोल इंडिया प्रबंधन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद क्षेत्रीय प्रबंधन ठेका मजदूरों के बोनस भुगतान में मनमानी कर रहा है।


संघ ने दावा किया कि हड़बड़ी में गायत्री भूमिगत खदान के श्रमिकों को आधा-अधूरा बोनस दिया गया है,जबकि करीब 6.5 लाख रुपए का बोनस भुगतान अभी भी बकाया है,वहीं केतकी खदान में बोनस का भुगतान अभी तक शुरू ही नहीं हो पाया है,मुख्य वक्ता अजय विश्वकर्मा ने अपने संबोधन में क्षेत्रीय प्रबंधन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ठेका मजदूरों को अपने हक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है,उन्होंने कहा कि चेयरमैन ने स्वयं एसईसीएल का दौरा कर समय पर बोनस भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था, लेकिन क्षेत्रीय प्रबंधन न केवल देरी कर रहा है,बल्कि उच्च प्रबंधन को भी धोखे में रख रहा है,विश्वकर्मा ने ठेकेदारों द्वारा बिना भुगतान किए ही प्रबंधन से बोनस राशि का इनकैशमेंट करा लेने की शिकायतों को जांच का विषय बताया,उन्होंने स्पष्ट किया कि कोल इंडिया का निर्देश है कि 21 हजार रुपए से अधिक मासिक वेतन और 30 दिन की वार्षिक उपस्थिति वाले सभी कर्मचारियों को पीएलआई बोनस का भुगतान किया जाना चाहिए,संघ के क्षेत्रीय सचिव पंकज कुमार गर्ग ने प्रबंधन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर 3 दिन के अंदर बिश्रामपुर क्षेत्र के सभी ठेका श्रमिकों को बोनस का भुगतान नहीं किया जाता है,तो संघ के नेतृत्व में ठेका श्रमिक क्रमिक भूख हड़ताल शुरू करेंगे,आंदोलन में श्रमिक संघ के धर्मजीत सिंह,मुरली सिंह, सोमार साय, आरके द्विवेदी, सजल मित्रा और सलमान खान ने भी सभा को संबोधित कर श्रमिकों के साथ एकजुटता दिखाई,धरना प्रदर्शन उपरांत संघ द्वारा प्रबंधन के नाम ज्ञापन सौंपा गया है।



# छात्राओं ने किया रिलायंस ट्रेंड्स सूरजपुर का किया भ्रमण

**बिश्रामपुर।** शासकीय आजाक कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर के प्राचार्य आशीष कुमार भट्टाचार्य के मार्गदर्शन में विद्यालय में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम रिटेल विभाग के कक्षा 11 वीं एवं कक्षा 12 वीं कुल 67 छात्राओं ने रिलायंस ट्रेंड्स सूरजपुर का भ्रमण किया,रिलायंस ट्रेंड्स सूरजपुर के मैनेजर हरीश तिवारी के सहयोग से रिटेल मार्केटिंग से संबंधित जानकारी छात्राओं को उपलब्ध कराया गया,जिसमें छात्राओं ने बिलिंग प्रोसेस,डिस्प्ले प्रोडक्ट,कस्टमर हैंडलिंग के बारे में जानकारी प्राप्त की,व्यावसायिक प्रशिक्षक थलेश्वर राजवाड़े ने बताया कि व्यावसायिक पाठ्यक्रम के शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य यह है कि विद्यार्थी वास्तविक उद्योगों और कार्यस्थलों का अनुभव प्राप्त करें। इससे उन्हें सैद्धांतिक ज्ञान का व्यावहारिक उपयोग समझ में आता है,साथ ही यह भ्रमण विद्यार्थियों में व्यावसायिक कौशल, आत्मविश्वास और रोजगार के अवसरों की समझ विकसित करता है।





# 'द फैमिली मैन 3' में नए चेहरों के बीच फंसे 'श्रीकांत तिवारी'

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी की बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज 'द फैमिली मैन 3' का ट्रेलर जारी हो गया है। इसे देखने के बाद लोगों की उम्मीदें सांतवें आसमान पर पहुंच गई हैं। श्रीकांत तिवारी के किरदार में मनोज पिछले दोनों सीजन जैसे कमाल लगे हैं, लेकिन दो नए चेहरों के बीच उन्हें फंसा दिखाया गया है। पहला चेहरा जयदीप अहलावत का है, जो विलेन बने हैं। दूसरीं निमृत कौर हैं, जिनके किरदार में सस्पेंस है। 'द फैमिली मैन 3' का ट्रेलर 2 मिनट 49 सेकंड का है, जिसकी शुरुआत मनोज उर्फ श्रीकांत से होती है। ट्रेलर में वह दोनों बच्चों को अपने काम के बारे में बताते दिखते हैं। अभिनेता को पहली बार सीरीज में परेशान दिखाया गया है और जयदीप उन पर भारी पड़ रहे हैं।

लाइफ Style

# रश्मिका

## विजय संग शादी की जगह-तारीख आई बाहर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की सगाई की खबरों ने सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोरी। अब दोनों की शादी की तारीख पर चर्चा हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि दोनों अपने रिश्ते को नए स्तर पर ले जाने के लिए तैयार हैं।

अगले साल 2026 में रश्मिका और विजय शादी कें बंधन में बंध जाएंगे। शादी की तारीख और जगह क्या होगी, यह जानकारी भी बाहर आ गई है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट सामने आया है जिसमें दावा किया गया है कि रश्मिका और विजय अगले साल 26 फरवरी, 2026 को शादी के बंधन में बंधने की योजना बना रहे हैं। दोनों ने अपनी शादी के लिए उदयपुर का भव्य पैलेस चुना है। इस पोस्ट ने आते ही हलचल मचा दी है, जिस पर लोग भी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक ने लिखा, 'यह अब तक की सबसे प्रतिष्ठित और सबसे बड़ी शादी होगी!' दूसरे ने लिखा, 'बधाई हो।'

***रश्मिका ने दिखाई थी सगाई की अंगूठी :*** रश्मिका और विजय के करीबी सूत्र ने को बताया कि दोनों ने 3 अक्टूबर को निजी समारोह में सगाई की थी। 'गर्लफ्रेंड' के प्रमोशन के दौरान अभिनेत्री ने जगपति बाबू के टॉक शो 'जयम्मु निश्चयमु रा' में अपनी अंगूठियां भी दिखाई थीं, जिसमें से एक उनकी सगाई की अंगूठी थी। जब अभिनेता ने विजय का नाम लिया, तो रश्मिका काफी शर्म से लाल हो गईं थी। रश्मिका आखिरी बार आयुष्मान खुराना के साथ 'थामा' में नजर आई हैं।



हॉलीवुड मसाला




# दर्शकों के बीच फिर लौटने तैयार

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की फिल्मों के शौकीनों का इंतजार खत्म होने वाला है। इस पॉपुलर फ्रेंचाइजी की अगली किस्त 'एवेंजर्स डूम्सडे' लोगों के बीच जल्द लौटने को तैयार है। इससे पहले निर्माताओं ने फिल्म का पहला ट्रेलर रिलीज करने के लिए एक खास योजना बनाई है। जाहिर है कि एमसीयू की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक, 'एवेंजर्स डूम्सडे' को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। सेट से फोटो लीक होने के बाद यह उत्साह और बढ़ गया था।




## बॉलीवुड-साउथ की धुरंधर फिल्मों पर भारी पड़ी हॉलीवुड की 'प्रेडेटर बैडलैंड्स'

**लॉस एंजिल्स।** भारतीय बॉक्स ऑफिस पर इस शुक्रवार जब एक साथ कई फिल्में रिलीज हुईं, तो दर्शकों के सामने कई विकल्प मौजूद थे। बॉलीवुड से लेकर साउथ और हॉलीवुड तक सिनेमाघरों में कई फिल्में देखने के लिए मौजूद थीं। लेकिन चौंकाने वाली बात यह रही कि इस बार बॉलीवुड नहीं, बल्कि हॉलीवुड की एक साइंस-फिक्शन थ्रिलर ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हम बात कर रहे हैं 'प्रेडेटर बैडलैंड्स' की, जिसने रिलीज के पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर बाकी सभी फिल्मों को पीछे छोड़ते हुए धमाकेदार शुरुआत की है। 7 नवंबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने भारत में पहले दिन 2.25 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की। दिमित्रियस शूस्टर-कोलोमाटांगी और एले फैनिंग जैसे कलाकारों के दमदार अभिनय ने दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच लाया। फिल्म को मिश्रित प्रतिक्रियाएं मिली हैं, लेकिन एक बात तय है- इसका रोमांचक एक्शन और डरावना विजुअल अनुभव भारतीय दर्शकों को खूब लुभा रहा है।



# श्रद्धा कपूर सीख रहीं लावणी डांस...

**मुंबई।** बॉलीवुड की 'स्त्री' यानी श्रद्धा कपूर काफी समय से अपनी नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। उनका आगामी प्रोजेक्ट विथाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर की जीवनी पर आधारित होगा। ताजा जानकारी है कि श्रद्धा ने इस फिल्म के लिए तीन महीने तक लावणी और गवलन डांस सीखा है। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर करेंगे, जो इससे पहले विक्की कौशल की 'छावा' से प्रसिद्धी हासिल कर चुके हैं। आइए जानते हैं श्रद्धा की इस आगामी फिल्म के बारे में। विथाबाई भाऊ पर आधारित, श्रद्धा की बायोपिक फिल्म का नाम 'ईथा' रखा गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े सूत्र ने कहा, उनकी मां शिवांगी कोल्हापुरी महाराष्ट्रीयन हैं, इसलिए श्रद्धा इस संस्कृति में गहराई से जुड़ी हैं। एक और खूबी उनकी डांस है, क्योंकि यह विथाबाई की जिंदगी का एक बड़ा हिस्सा थी।



# अक्षय लव ट्रायंगल से करेंगे मनोरंजन

**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार साल में 5 से 6 फिल्में करने में विश्वास रखते हैं। इस साल 'केसरी चैप्टर 2' और 'हाउसफुल' समेत उनकी कई फिल्में रिलीज हुईं और अब नजर 2026 पर है। अक्षय ने कई साउथ फिल्मों के हिंदी रीमेक में काम किया है, जिसमें 'राउडी राठौर', 'सरफिरा' और 'सेल्फी' शामिल हैं। अब वह साउथ की फिल्म 'संक्रांतिकी वस्तुनम' की मूल कहानी को बरकरार रखते हुए इसका पुनर्निर्माण करेंगे। इसके लिए वह फिर अनीस बज्मी के साथ जुड़े हैं। सूत्र ने बताया है कि अक्षय और अनीस को फिल्म 'संक्रांतिकी वस्तुनम' की कहानी बेहद पसंद आई है। फिल्म में मुख्य अभिनेता वेंकटेश हैं, जो अपनी पत्नी और प्रेमिका के बीच फंसे होते हैं। अनीस पहले से रिलीज हुई फिल्मों के आधार पर नई कहानियां लिखने में माहिर हैं।

टीवी मसाला



# काम्या ने खोली निर्माताओं की पोल, कहा- गंदा है; पर धंधा है

**मुंबई।** 'बिग बॉस 19' के हालिया एपिसोड में नॉमिनेशन टास्क हुआ। इस हफ्ते घर से बेघर होने के लिए 5 प्रतियोगियों को नॉमिनेट किया गया है। इससे जहां एक ओर 'बिग बॉस' के घर में घमासान मच गया है, वहीं घर के बाहर भी चर्चा जारी है। अब टीवी अभिनेत्री और 'बिग बॉस 7' का हिस्सा रहीं काम्या पंजाबी ने इस टास्क की आलोचना की और इसी के साथ उन्होंने 'बिग बॉस' के निर्माताओं पर कड़ी नाराजगी जाहिर की।

***ऐसे खेला गया नॉमिनेशन टास्क :*** इस हफ्ते का नॉमिनेशन टास्क जोड़ियों में खेला गया। घरवालों को दो-दो के जोड़े में बुलाया गया और उन्हें दूसरे सदस्यों के नाम देकर फैसला करना था कि किसे बचाना है और किसे नॉमिनेट करना है। कुल 5 राउंड हुए। बेघर होने के लिए नीलम गिरी, अभिषेक बजाज, गौरव खन्ना, अशनूर कौर और फरहाना भट्ट का नाम सामने आया। उधर काम्या हर सीजन के दौरान सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं। अब उन्होंने नॉमिनेशन के तरीके पर सवाल उठाए हैं।

***बिग बॉस ने नॉमिनेट किए सदस्य- काम्या :*** काम्या ने एक्स पर अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने लिखा, 'ये कैसा नॉमिनेशन है? जिस तरफ के विकल्प, जिन लोगों को दिए गए थे, इससे एकदम साफ था कि 'बिग बॉस' खुद इन लोगों को ही नॉमिनेट करना चाहते थे। गंदा है, पर धंधा है ये।' उनके इस पोस्ट पर लोगों ने भी सहमति जताई और कहा कि इस बार का नॉमिनेशन तय था। वैसे काम्या से पहले हिना खान ने शो की नॉमिनेशन प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए थे।

## कौन हैं कशिश अग्रवाल, जिसे डेट कर रहे शहनाज के भाई शहबाज



'बिग बॉस 19' हमेशा से दर्शकों का मनोरंजन करता आया है। कई बार प्रतियोगी शो के दौरान निजी जिंदगी से जुड़े ऐसे अपडेट्स देते हैं, जिनपर चर्चा शुरू हो जाती है। पिछले दिनों अभिषेक बजाज अपनी पूर्व पत्नी आकांक्षा जिंदल के चलते सोशल मीडिया पर छाए थे। अब शहनाज गिल के भाई शहबाज बदेशा ने लव लाइफ पर संकेत देते हुए दर्शकों को नया मसाला दे दिया है। उन्होंने बताया कि वह कशिश अग्रवाल को डेट कर रहे हैं। लाइवफीड के दौरान, शहबाज शो में अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहते हैं, आज मुझे किसी की याद आ रही है। अपनी गर्लफ्रेंड की। उन्होंने बताया कि स्क्रीन पर निजी जिंदगी के बारे में बात नहीं करने के लिए उन्हें कई लोगों से सलाह मिली थी।

# खत्म किया पति मयंक गांधी संग नौ साल पुराना रिश्ता

**मुंबई।** मशहूर टीवी अभिनेत्री हुनर हाली ने पति मयंक गांधी संग अपनी 9 साल की शादी को खत्म करने का फैसला ले लिया है। यही नहीं दोनों के तलाक की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। पिछले कुछ महीनों से दोनों के अलगाव की खबरों ने जोर पकड़ रखा था। चर्चा थी कि अभिनेत्री ने 'बिग बॉस 19' का न्यौता भी इसलिए ठुकराया था, क्योंकि उनके तलाक की प्रक्रिया चल रही थी। अब हुनर ने खुद तलाक की पुष्टि की है। एक इंटरव्यू में हुनर ने कहा, हम तलाक लेने की प्रक्रिया में हैं, लेकिन यह अभी भी प्रक्रिया में है। इसलिए मैं इस बारे में बात नहीं करना चाहती। मुझे लगता है कि अगर कोई भी बात आती है बाहर तो बहुत सारे माध्यम हैं जिसकी जरूरी चीजें बाहर आती है। मैं कभी भी इस्तेमाल का सवाल नहीं उठाती क्योंकि मैं जानती हूं कि मैं अभिनेत्री हूं। हम कितना भी इस्तेमाल की सुरक्षा करें, वो हमारे हाथ में नहीं होता।



***प्रक्रिया को आत्मविश्वास से संभाल रहीं अभिनेत्री :*** हुनर ने कहा, हम इतने लोगों से मिलते हैं, उठते हैं, काम करते हैं तो आप इससे निपट सकते हैं और मैं इससे निपट रही हूं। लेकिन मैं इसे आत्मविश्वास के साथ संभाल रही हूं। साल 2016 में हुनर और मयंक ने दिल्ली में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शादी रचाई थी। दोनों के तलाक की वजह का खुलासा नहीं हो सका है। बता दें कि हुनर '12/24 करोल बाग', 'पटियाला बेब्स' और 'वीर हुनमान' जैसे शो में नजर आई हैं।

*मुंबई। यामी गौतम अपनी आगामी फिल्म 'हक' को लेकर खबरों में छाई हुई हैं, जो सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म में उन्हें पहली बार इमरान हाशमी के साथ देखा जाएगा। जाहिर है कि अभिनेत्री ने अपने फिल्मी करियर में कई बेहतरीन फिल्में की हैं, जिनमें से कुछ फिल्मों की कहानी सच्ची घटनाओं पर आधारित रही है। इन फिल्मों को ओटीटी पर देखा जा सकता है, और इन्हें आईएमडीबी पर जबरदस्त रेटिंग मिली है।*

# ओटीटी पर धूम मचा रहीं ये फिल्में, जबरदस्त है रेटिंग...

### 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' और 'अ थर्सडे'

विक्की कौशल अभिनीत फिल्म 'द सर्जिकल स्ट्राइक' में यामी ने अहम किरदार निभाया था। यह फिल्म भारतीय सेना की ओर से आतंकवादी सैन्य ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक पर आधारित है। जी5 पर मौजूद इस फिल्म को 8.2 की रेटिंग मिली है। यामी की 'अ थर्सडे' वैसे तो काल्पनिक कहानी पर बनी है, लेकिन अभिनेत्री ने अपने अभिनय से खूब वाहवाही बटोरी थी। यह फिल्म जियो हॉटस्टार पर है, और इसे 7 रेटिंग मिली है।

### 'आर्टिकल 370' और 'बदलापुर'

फिल्म 'आर्टिकल 370' में यामी ने सीक्रेट एजेंट जूनी हस्कर का किरदार निभाया था, जो फिल्म के महत्वपूर्ण किरदारों में से एक था। यह फिल्म आर्टिकल 370 हटाने की कार्रवाई पर आधारित है, जिसे आप जी5 पर देख सकते हैं। इसे 7.8 की रेटिंग मिली है। अभिनेता वरुण धवन की फिल्म 'बदलापुर' में यामी ने अपनी छोटी सी भूमिका से लोगों का ध्यान खींचा था। जी5 पर मौजूद इस फिल्म को 7.4 की रेटिंग मिली है।




### 'ओएमजी 2' और 'काबिल'


अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'ओएमजी 2' में यामी को महिला वकील के दमदार किरदार में देखा गया था। फिल्म की कहानी यौन शिक्षा को बढ़ावा देती है, जिसे जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। इस फिल्म को 7.5 की रेटिंग मिली है। ऋतिक रोशन की फिल्म 'काबिल' यामी की बेहतरीन फिल्मों में शामिल है। इसमें उन्होंने नेत्रहीन महिला का किरदार निभाया था। ये फिल्म जियो हॉटस्टार पर मौजूद है।

इमरान और यामी अभिनीत फिल्म को दर्शकों की बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही

# 'हक' सिनेमाघरों के बाद जनवरी में होगी ओटीटी पर होगी रिलीज

**मुंबई।** अभिनेता इमरान हाशमी और यामी गौतम अभिनीत फिल्म 'हक' को दर्शकों की बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली है। कुछ लोगों को यामी का अभिनय पसंद आया है, तो कुछ को कहानी पसंद आ रही है। ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म की तारीफों के कसीदे तो पढ़े हैं, लेकिन फिल्म देखी नहीं है। ओटीटी की बढ़ती लोकप्रियता के बीच बहुत से लोग फिल्मों को घर बैठकर भी देखना पसंद करते हैं। जानिए 'हक' किस ओटीटी पर रिलीज होगी।

***फिल्में 60 दिन बाद देती हैं ओटीटी पर दस्तक :*** एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म 'हक' अगले साल 2 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। हालांकि निर्माताओं की ओर से भले 'हक' की ओटीटी रिलीज पर आधिकारिक बयान नहीं आया हो, लेकिन यह बात तो तय है कि इसमें अभी वक्त है। आमतौर पर हिंदी फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज होने के करीब 55 से 60 दिन बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देती हैं। देखा जाए तो निर्माता इमरान और यामी की फिल्म के साथ भी यही फॉर्मूला अपनाएंगे।



### फिल्म 'हक' के बारे में

फिल्म 'हक' का निर्देशन सुपर्णा एस वर्मा ने किया है। कहानी इंदौर के चर्चित शाह बानो केस से प्रेरित है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। फिल्म में यामी शाजिया बानो के किरदार में हैं, और इमरान अब्बास के किरदार में हैं। इसके अलावा फिल्म में शीबा चड्ढा, एसएम जहीर, वर्तिका सिंह और दानिश हुसैन जैसे कलाकार नजर आए हैं।

## 'हक' के अलावा असली कोर्टरूम ड्रामा पर बन चुकी हैं ये फिल्में, ओटीटी पर देखें

**मुंबई।** अभिनेता इमरान हाशमी और यामी गौतम की फिल्म 'हक' कोर्टरूम ड्रामा पर बुनी गई है। इस फिल्म की कहानी 1980 के शाह बानो केस से प्रेरित है। फिल्म में इमरान ने वकील का किरदार निभाया है, लेकिन पति के किरदार में वह काफी अहम रोल अदा करते दिखे हैं। वैसे 'हक' के अलावा बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में बन चुकी हैं, जिसमें कोर्टरूम ड्रामा को बखूबी दिखाया गया है। ये फिल्में ओटीटी पर मौजूद हैं, जिनका लुत्फ उठा सकते हैं।




**'तलवार' और 'शाहिद' :** दिवंगत अभिनेता इरफान खान की फिल्म 'तलवार' 2015 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया था। इसकी कहानी नोएडा के डबल मर्डर केस (आरुषि-हेमराज) पर आधारित है। फिल्म जियो हॉटस्टार पर मौजूद है। राजकुमार राव अभिनीत फिल्म 'शाहिद' 2013 में रिलीज हुई थी, जिसकी कहानी मानवाधिकार कार्यकर्ता और वकील शाहिद आजमी की जिंदगी पर आधारित है। इस फिल्म को अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध कराया गया है। फिल्म का निर्देशन हंसल मेहता ने किया है।

**'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' और 'सिर्फ एक बंदा काफी है':** रानी मुखर्जी की फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' असली कहानी पर बनी है, जिसमें एक महिला सागरिका चक्रबर्ती ने नॉर्वे की चाइल्ड वेलफेयर सर्विसेज के खिलाफ कानूनी जंग लड़ी थी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर है। रानी ने इस फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल पुरस्कार जीता है। मनोज बाजपेयी की 'सिर्फ एक बंदा काफी है' जी5 पर मौजूद है। फिल्म की कहानी

## खबर संक्षेप

### 72 वर्षीय धावक अशोक ने जीता रजत

राउरकेला। सुंदरगढ़ जिले के राउरकेला निवासी 72 वर्षीय धावक अशोक कुमार बिश्वाल ने अपनी लगन और अदम्य जज़्बे से 23वीं एशियन मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप मास्टर एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया में 70 से 75 वर्ष आयु वर्ग की दौड़ में सिल्वर रजत पदक जीतकर भारत का परचम लहराया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह उपलब्धि हासिल कर उन्होंने न केवल राउरकेला शहर बल्कि पूरे ओडिशा का मान बढ़ाया है। उनकी इस सफलता पर शहरवासियों और खेलप्रेमियों में अपार हर्ष है। अशोक कुमार बिश्वाल जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों की सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने राज्य सरकार से अनुरोध किया कि ऐसे अनुभवी खिलाड़ियों को अधिक प्रोत्साहन और सहयोग दिया जाए, ताकि वे भविष्य में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। अशोक कुमार बिश्वाल की यह उपलब्धि साबित करती है कि उम्र कभी भी जुनून और मेहनत के आगे बाधा नहीं बनती।

### हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

कोसीर। घटना 29 अक्टूबर की है। आरोपी करमलाल माली पिता पितरू माली 46 ग्राम जशपुर कछार थाना कोसीर द्वारा अपनी मां बहातिन बाई 80 के साथ जमीन विवाद को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान आरोपी ने अपनी मां को जहर पीला दिया और साक्ष्य छुपाने के लिए डिब्बा छुपा दिया। जहर पिलाने के बाद उसे इलाज के लिए डभरा सरकारी अस्पताल में भर्ती किया। जहां इलाज के दौरान बहातिन माली की मृत्यु हो गई। मृतिका द्वारा मरने से पहले अपने कथन में बताया कि उसका लड़का करमलाल माली के द्वारा जमीन विवाद के नाम पर मारपीट कर जबरदस्ती जहर पिलाया है। कोसीर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। अपराध धारा का घटित होना पाए जाने के बाद आरोपी के विरूद्ध बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचनाक्रम में आरोपी करमलाल माली के द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार किया जिसे 06 नवंबर को विधिवत गिरप्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### अंडर 14 क्रिकेट स्पर्धा के फाइनल में पहुंचा रायगढ़

रायगढ़। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा भिलाई में करवाए जा रहे अंडर 14 क्रिकेट प्लेट ग्रुप प्रतियोगिता में रायगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुर्ग को 75 रनों से हराकर फाईनल में प्रवेश कर लिया। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करते हुए रायगढ़ ने 10 विकेट खोकर 167 रन बनाए। जिसमें अनमोल भारती ने शानदार नाबाद 71 रन बनाकर बड़ी भूमिका निभाई। साथ में शौर्य पांडेय ने 28 रन बनाये वहीं जवाब में दुर्ग ने बैटिंग करते हुए हित देवांगन की 50 रन की बल्लेबाजी करते हुए मुकाबला किया। लेकिन बाकी सभी बल्लेबाज लगातार आउट होते गए। अंत में रायगढ़ ने 75 रनों से मुकाबला जीत लिया। कोच चंद्रेश यादव के मार्गदर्शन में रायगढ़ की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए चंद्र प्रकाश ने 3, शौर्य गुप्ता और धनंजय ने 2/2 तथा लोकेश सिदार ने 1 विकेट अनमोल भारती ने 1, शौर्य राजपूत ने एक विकेट लिया।

## पेज 1 का शेष

### टोनही बताकर ...

नहीं खोला। आरोपियों ने गुस्से में दरवाजा तोड़ दिया और अंदर घुस आए। उन्होंने महिला को पकड़कर बाल खींचे, घसीटा और कहा कि तूने मेरी मां को जादू-टोना से मार दिया है, अब उसे जिंदा कर कहते हुए आरोपियों ने पीड़िता को मारपीट कर श्मशान की ओर घसीटने की कोशिश की। इसी दौरान शोर सुनकर पीड़िता के बेटे और बेटी पहुंच गए और किसी तरह मां को छुड़ाकर घर ले आए। **जशपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार-** मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू के नेतृत्व में पुलिस ने तत्काल टीम गठित की। प्रधान आरक्षक मोहन बंजारे, चंपा पैंकरा, आरक्षक अकबर चौहान, बसनाथ साहनी, विनोद राम, महिला आरक्षक सपना इंदवार और रीना केरकेट्टा ने त्वरित कार्रवाई कर सभी आठों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## मतदाता मोबाइल एप के माध्यम से आनलाइन भर सकते हैं गणना पत्रक

# मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण प्रारंभ, 4 दिसंबर तक चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में 4 नवम्बर से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान प्रारंभ हो गया है। इस अभियान के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का सत्यापन और अद्यतन कार्य किया जा रहा है, जिसकी अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने अपने मतदान केंद्रों के अंतर्गत आने वाले सभी मतदाताओं के घर घर जाकर गणना पत्रक भरने में मदद कर रहे हैं। यह अभियान 4 दिसम्बर तक चलेगा।

जिले के सभी मतदाता, मतदाता सूची में दर्ज अपने नाम को अनिवार्य रूप से बूथ लेवल अधिकारियों की मदद से सत्यापन कार्य करायें। इस सत्यापन कार्य हेतु आप स्वयं मोबाईल ऐप के माध्यम से आनलाईन गणना पत्रक भर सकते हैं



अथवा बूथ लेवल अधिकारी द्वारा दिए गए गणना पत्रकों को उनकी सहायता से ऑफलाईन जमा कर सकते हैं। विगत 2003 की मतदाता सूची वेबसाइट एवं पर भी उपलब्ध है।

### महापौर ने किया वार्ड क्रमांक 48 का निरीक्षण

रायगढ़। शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वास्थ्य बनाने के उद्देश्य से महापौर जीवर्धन चौहान द्वारा प्रतिदिन वार्डों का निरीक्षण किया जाता है। इसी कड़ी में उन्होंने आज वार्ड क्रमांक 48 बोईरदादर, मालीडीपा और पहाड़पारा क्षेत्र का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान उन्होंने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, नाली की स्थिति, सड़कों की गुणवत्ता और अन्य नागरिक सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने संबंधित अधिकारियों और सफाई अमले को वार्ड की सफाई व्यवस्था और निर्माण कार्यों से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाएं बेहतर हों यह नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने, जर्जर सड़कों की मरम्मत करने और जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए।

# बकाया राशि नहीं की जमा नपं ने दुकान कर दी सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



नगर पंचायत सरिया द्वारा दुकान का बकाया किराया की राशि जमा नहीं होने वालों पर कार्रवाई की गई है। शनिवार को अटल चौक स्थित दुकान क्रमांक 10 में तालाबंदी की कार्रवाई की गई।

इस संबंध में सीएमओ नगर पंचायत सरिया लाल सिंह मरकाम ने बताया कि अटल चौक स्थित दुकान क्रमांक 10 गोविंद पिता केशव को आबंटित किया गया है। उनके द्वारा नगर पंचायत सरिया से बिना अनुमति के मासिक किराए पर संतोष साहू नामक व्यक्ति को दिया गया है। तथा दुकान का किराया राशि जमा नहीं करने पर उन्हें तीन बार नोटिस जारी किया गया। तत्पश्चात शनिवार को दुकान को सील किया गया। सीएमओ ने बताया कि गोविंद पिता केशव के नाम पर आबंटित दुकान क्रमांक 10 का बकाया राशि एक लाख पच्चीस हजार से भी ज्यादा का है। उनको नोटिस दिए जाने के बाद भी उनके द्वारा नोटिस को गंभीरता से नहीं लिया गया और बकाया राशि जमा नहीं करने पर दुकान सील करने की कार्रवाई की गई। सीएमओ ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र की दुकान का किराया ससमय दुकानदार को देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा की असुविधा से बचने के लिए नगर पंचायत के दुकानों का समय पर भुगतान कर असुविधा से बचें।

# सर्प दंश पर परिजन ने दिखाई तत्परता, बच्ची की बची जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला प्रशासन के जागरूकता का असर दिखने लगा है पत्थलगांव के पालीडीह निवासी 13 वर्षीय लक्ष्मी सिदार पिता प्रदीप सिदार अपने परिजनों के साथ खेत के किनारे मेड पर

- जिला प्रशासन के जागरूकता का असर दिखने लगा

बैठी थी। परिजन खेत में धान काटने में व्यस्त थे, तभी अचानक एक जहरीले सांप ने लक्ष्मी के पैर में काट लिया।

परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए बिना समय गंवाए उसे तुरंत सिविल अस्पताल पत्थलगांव पहुंचाया।

डॉक्टरों ने जांच में पुष्टि की कि बच्ची को जहरीले सांप ने डसा है। रक्त सैंपल रिपोर्ट आते ही डॉक्टरों ने तत्काल एंटी-वेनम इंजेक्शन देकर उपचार शुरू किया। समय पर इलाज मिलने से बच्ची की जान बच गई और



अब उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

इस घटना से एक बार फिर यह साबित हुआ कि सर्पदंश की स्थिति में तुरंत अस्पताल पहुंचना ही जीवन रक्षक कदम है। डॉक्टरों ने ग्रामीणों से अपील की है कि ऐसी किसी भी स्थिति में गुनिया-झाड़फूंक के बजाय सीधे स्वास्थ्य केंद्र जाएं। जशपुर जिला प्रशासन ने भी पिछले कुछ वर्षों से सर्पदंश के मामलों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि पारंपरिक झाड़-फूंक से बचें और तत्काल चिकित्सा सहायता लें। प्रशासनिक प्रयासों का असर अब दिखने लगा है स सर्पदंश से मौत के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है, और लोग अब प्राथमिक उपचार के लिए अस्पतालों का रुख कर रहे हैं।

### जनपद में पहुंचे बुजुर्ग फरियादी, सीईओ से नहीं मिल सके, लौटना पड़ा बैरंग

पुसौर। पुसौर जनपद के कार्यालयीन समय में झारमुड़ा ग्राम पंचायत के कुछ बयोवृद्ध फरियादी पहुंचा था। उनको आवास और शौचालय निर्माण की राशि 4 साल से नहीं मिली है। इस समस्या के समाधान के लिए सीईओ से मिलने पहुंचा था, लेकिन इसमें सफल नहीं हो सका और मायूस होकर लौटना पड़ा। जानकारी के मुताबिक लगभग 10 बजे से पूर्व सीईओ विवेक गोस्वामी कार्यालय में पहुंच कर वंदेमातरम राष्ट्रीय गीत के आयोजन को लेकर अपने कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ व्यस्त हो गए थे। इसी बीच ये फरियादी जनपद के द्वार पर नीचे बैठा रहा। बताया जाता है कि झारमुडा के बयोवृद्ध नानदाई सिदार जिन्हें अपने 3 परिजनों के शौचालय निर्माण की राशि 36 हजार नहीं मिली है। इसी तरह कसिला सिदार को उसके आवास के मजदूरी राशि 15 हजार नहीं मिली है। मायावती, गंगाचरण चौहान, बुदली और कात्रिक सिदार को भी आवास की मजदूरी 15-15 हजार रुपए नहीं मिला है। यह राशि चार साल से अटका हुआ है। इस संबंध में सीईओ श्री गोस्वामी ने बताया कि उनके पास ऐसा कोई मामला नहीं आया है। फरियादियों ने बताया कि रोजगार सहायक से राशि मिलना है जिसमें उसके द्वारा रूचि नहीं दिखाया जा रहा है।



# कृषि क्षेत्र में नए प्रयोग और किसानों की समस्या को लेकर हुई चर्चा

सरिया। छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के किसानों के बीच किसान मिलन समारोह का आयोजन शुक्रवार को उड़ीसा के हीराकुंड डैम परिक्षेत्र में संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। किसानों ने अपनी समस्या एवं कृषि क्षेत्र के नए-नए प्रयोग के बारे में विचार साझा किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के किसानों ने उड़ीसा के किसानों का फूल माला एवं श्रीफल भेट कर सम्मान किया।

एक दिवसीय किसान मिलन समारोह में युवा किसान भी शामिल हुए और उन्होंने खेती किसानी के बारे में आ रही विभिन्न समस्याओं के बारे में एक दूसरे के बीच शेयर किया। जहां उड़ीसा के किसानों ने कहा कि किसान हर क्षेत्र में आज परेशान है। उन्हें मूलभूत समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। किसानों को जो आवश्यक सामग्री समय में उपलब्ध नहीं हो रहा है। यह दोनों राज्यों की समस्या बनी हुई है। किसानों ने दोनों राज्यों से मांग किया है कि कृषि के क्षेत्र में सरकार किसान हित में कार्य करें। ताकि समाज को किसान भरपूर अन्न उत्पादन कर प्रदान करेंगे। किसान



मिलन समारोह का यह दूसरा वर्ष है। इसके पहले छत्तीसगढ़ सरिया क्षेत्र के किसानों ने गोविंदपुर उड़ीसा में किसान मिलन समारोह का आयोजन किया था। इस बार किसानों ने उड़ीसा के हीराकुड डैम परिसर का चयन किया और हीराकुंड डैम के जीरो पॉइंट पर किसान मिलन समारोह के बाद किसानों ने हीराकुड डैम का अवलोकन किया।

किसानों ने बताया कि महानदी का पानी का पूरा का पूरा लाभ उड़ीसा के किसान को मिल रहा है और किसानों में सबसे बड़ी समस्या पानी की होती है। जो छत्तीसगढ़ के महानदी से किसानों को पानी की पर्याप्त सप्लाई कैनाल नहर के माध्यम से हो रहा है और यहां के कृषि अच्छे ढंग से हो रहे हैं। किसान संघ सरिया के संरक्षक मोहन पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी सरकार किसानों के हित में कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर महानदी पर यदि डेम का निर्माण होता है तो सरिया क्षेत्र के किसान महानदी के पानी से लाभान्वित होते। किसान मिलन समारोह में प्रमुख रूप से सरिया क्षेत्र के किसान मोहन पटेल, संरक्षक किसान संघ सरिया, आसाराम प्रधान, युवा कृषक, आनंद प्रधान, सत्यानंद प्रधान किसान संघ सरिया, रूप पटेल किसान संघ उपाध्यक्ष सरिया, नरोत्तम प्रधान, टिकेटा राणा, गणेश प्रधान, हेमचंद यादव, टीकम प्रधान, विक्रम गुप्ता, राजेश शराप, राजेश प्रधान तथा उड़ीसा के संबलपुर, बरगढ़ बालाशोर के किसान शामिल थे।

# गर्ल्स कालेज में कैरियर गाइडेंस का आयोजन



रायगढ़। केएमटी शासकीय कन्या महाविद्यालय रायगढ़ में हिन्दी विभाग एवं कैरियर गाइडेंस समिति संयुक्त के तत्वावधान में कैरियर गाइडेंस एवं मोटिवेशनल स्पीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में रेल्वे अधिकारी मोटिवेशनल स्पीकर प्रमोद साहू उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच एवं लक्ष्य निर्धारण करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

अपने संबोधन में श्री साहू ने कहा कि सफलता उन्हीं के कदम चुमती है जो असफलता से घबराए बिना निरंतर प्रयास करते रहते हैं। उन्होंने छात्राओं को कैरियर निर्माण समय प्रबंधन और आत्म प्रेरणा के व्यावहारिक सूत्र बताए। ललित तिवारी ने भी अपने उद्बोधन में कहा जो खुद में भरोसा रखता है वही अपनी किस्मत लिखता है। छात्राओं ने कैरियर से संबंधित कई सवाल भी किये जिसे श्री साहू ने बड़ी विनम्रतापूर्वक व सरल सहज भाषा में सवालों का जवाब दिए। छात्राओं ने इस सत्र को अत्यंत उपयोगी और प्रेरक बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन डा.बीके भगत के द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन डा.आरके बारीक ने किया। अंत में प्राचार्य डा.उमा नेगी ने अतिथि प्रमोद साहू को प्रतीक चिन्ह भेंट करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं के व्यक्तित्व और कैरियर विकास के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो.आरके राठौर अंकित खड़यिा, प्रो.चन्द्रकांत वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### एनसीपी ओबीसी प्रकोष्ठ के महासचिव बने राधेश्याम

राउरकेला। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एनसीपी के ओबीसी प्रकोष्ठ में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति करते हुए राधेश्याम



यादव को राष्ट्रीय महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति पार्टी की ओबीसी समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। श्री यादव लंबे समय से ओबीसी मुद्दों पर विशेषज्ञ रहे हैं, अब राष्ट्रीय स्तर पर प्रकोष्ठ की गतिविधियों का संचालन करेंगे। यह नियुक्ति पत्र जारी करते हुए ओबीसी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा उनकी नियुक्ति से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजित पवार एंव राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल पटेल के राष्ट्रवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने मे मजबूती मिलेगी एवं अतिपिछड़ा वर्ग को बल मिलेगा। इस अवसर पर प्रमुख नेता रंजन प्रियदर्शी ने कहा राधेश्याम यादव की नियुक्ति ओबीसी समुदाय के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है।

# रेत घाटों के लिए साढ़े 8 सौ आवेदन, दस्तावेज जांच में हो गई रात, केवल दो की नीलामी

**बिलासपुर के ठेकेदारों को मिले दो रेत घाट, बाकी की प्रक्रिया होगी सोमवार को**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पहले चरण में की गई पांच रेत घाटों की नीलामी में साढ़े 8 सौ आवेदन आया था। खास बात यह है कि इसमे एक ही रेत घाट के लिए 510लोगों ने आवेदन लगाया है। दूसरी ओर आवेदनों की संख्या ज्यादा होने से दस्तावेज जांच करने में रात हो गई। इसके कारण केवल दो घाट की ही नीलामी हो पाई। दोनों रेत घाट बिलासपुर के दो ठेकेदार को मिला है। बाकी तीन रेत घाट की नीलामी की प्रक्रिया सोमवार को की जाएगी।

शुक्रवार को रायगढ़ के पांच रेतघाटों की टेक्निकल बिड खोली गई। पहले चरण में पांच रेतघाटों को रखा गया था। हैरानी की बात यह है कि रायगढ़ के पांच खदानों के लिए 846 आवेदन



#### रेतघाट के लिए भी बन गया सिंडीकेट

रेतघाट हासिल करने के लिए ठेकेदारों ने सिंडीकेट बनाकर आवेदन किए। अपने परिचितों के नाम से पंजीयन करवाकर बोलियां डाली गईं। रायगढ़ जिले में बरभौना और बायसी रेतघाट बिलासपुर की पार्टियों को मिला है। बरभौना में 181 आवेदन आए थे जिसमें से 174 पात्र मिले। सभी की बोलियां समान थी। इसी तरह बायसी में भी बोलियां एकसमान होने के कारण लॉटरी निकाली गई। सूत्रों के मुताबिक नाम बिलासपुर के लोगों के हैं लेकिन इसमें भी रायगढ़ के ठेकेदार शामिल हैं।

आ गए। सिर्फ लेबड़ा के लिए 510 लोगों ने आवेदन डाले हैं। देर रात तक आवेदनों का परीक्षण और नीलामी प्रक्रिया चलती रही। अंत में बायसी और बरभौना की ही लॉटरी निकाली जा सकी। दोनों ही घाट बिलासपुर की दो पार्टियों को मिले हैं।

#### खनिज विभाग को मिला 84 लाख राजस्व

खदान के लिए आवेदन करने में ठेकेदारों को पूंजी लगानी पड़ रही है। किसी ने पांचों घाटों के लिए बोली लगाई होगी तो उसके पास करीब 15 लाख रुपए होने चाहिए। करीब डेढ़ से दो लाख रुपए अमानत राशि के रूप में जमा रहेगी जो खदान नहीं मिलने पर रिफंडेबल है। इसके अलावा 10 हजार रुपए आवेदन शुल्क है जो खनिज विभाग को मिलेगा। इस हिसाब से रायगढ़ जिले में खनिज विभाग को पांचों रेतघाटों से 84.60 लाख रुपए की आय केवल आवेदन शुल्क से हो चुकी है। इसके अलावा एमएसटीसी पोर्टल में पंजीयन फीस 1150 रुपए प्रति आईडी है। मतलब एमएसटीसी को 9.73 लाख रुपए मिल गए। डीएससी बनाने के लिए अलग से व्यय करना पड़ा। बोलीदार को मूल निवासी प्रमाण पत्र के अलावा पैन कार्ड, आधार कार्ड, एफिडेविट, फर्म होने पर पावर ऑफ अटॉर्नी आदि देना होगा।

# नटवर स्कूल में लगा पश्चिम भारत विज्ञान मेला, विजेता हुए पुरस्कृत

रायगढ़। पश्चिम भारत विज्ञान मेला का जिला स्तरीय आयोजन पीएमश्री नटवर स्कूल में नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ किया गया। इस दौरान डीईओ ने कहा कि हर बच्चा एक वैज्ञानिक है बस उसमें प्रयोग करने की भावना और जिज्ञासा जगाने की जरूरत है। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान एवं गणित विषयों को अपनाने और प्रयोगधर्मी दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रेरित किया। जिला नोडल अधिकारी पश्चिम भारत विज्ञान मेला भुवनेश्वर पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रयोग के माध्यम से सीखना ही सच्ची शिक्षा है। बच्चों को अधिक से अधिक वैज्ञानिक योजनाओं एवं प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। जब बच्चे विज्ञान के प्रति अपनी रोज की सोच विकसित करते हैं तो निश्चित रूप से वे भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं।

जिला स्तर पर चयनित विद्यार्थी अब आगामी जोन स्तरीय पश्चिम भारत विज्ञान प्रतियोगिता में रायगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिले के सातों विकासखंडों से चयनित विद्यार्थियों ने विज्ञान नाटिका, प्रश्न मंच,



विज्ञान प्रदर्शनी तथा सतत कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक के विकल्प, गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, उभरती हुई प्रौद्योगिकी, जल संरक्षण एवं प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने नवाचार मॉडल प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल एवं प्रभारी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के मॉडल, प्रस्तुति एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का मूल्यांकन करते हुए उनकी रचनात्मकता, तार्किक सोच और वैज्ञानिक जिज्ञासा की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

